FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना रामगढ़ दिनांक 24.08.2026 जनपद फिरोजाबाद ।

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 23-08-2026 को थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत मृतक कमल की हत्या करने की घटना में वांछित अभियुक्त आकाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार ।**

- **अभियुक्त आकाश पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से हुआ घायल ।**
- **अभियुक्त से पूछताछ में प्रकाश में आया कि अभियुक्त द्वारा मृतक के साथ कुकर्म करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसका मृतक ने विरोध किया । इसी विरोध से क्षुब्ध होकर अभियुक्त ने मृतक की हत्या कर दी ।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस, मृतक का मोबाइल फोन, मृतक के कपड़े एवं घटना के समय प्रयुक्त लोडर टिर्री बरामद ।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती ।**

दिनाँक 23-08-2026 को मोहम्मद हसन पुत्र सिद्दीकी अहमद निवासी चिश्ती नगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के नगला गुलरिया, थाना रामगढ़ में निर्माणाधीन मकान के अंदर एक अज्ञात शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला था जिसकी शिनाख्त वादी द्वारा अपने पुत्र कमल निवासी नगला केसरी थाना एत्मादपुर जनपद आगरा के रूप में की गयी थी । जिसके संबंध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 514/26 धारा 103(1) बीएनएस बनाम आकाश पुत्र श्याम सिंह निवासी नगला गुलरिया थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था ।

उक्त घटना में वांछित अभियुक्त आकाश की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा महोदय व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा महोदय के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी इसी क्रम में थाना रामगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 514/26 धारा 103(1) में वांछित अभियुक्त आकाश सांती रोड़ पर छिपता हुआ घूम रहा है । उक्त सूचना पर थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की छिपने की जगह पर दबिश दी गयी । पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गयी । थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया । घायल अभियुक्त की पहचान थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 514/26 धारा 103(1) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्त आकाश पुत्र श्याम सिंह निवासी नगला गुलरिया थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है । अभियुक्त आकाश के कब्जे से 01 तमंचा, 02 खोखा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, मृतक कमल का मोबाइल फोन, मृतक के कपड़े

व घटना के समय प्रयुक्त लोडर टिर्री बरामद हुए है। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-** पूछताछ के दौरान गिरफ्तारशुदा अभियुक्त आकाश द्वारा बताया गया कि दिनाँक 22/23-08-2026 की रात्रि को मृतक कमल द्वारा अभियुक्त से नगला गुलरिया तक लिफ्ट मांगी गई थी जहां पहुँचने के बाद अभियुक्त द्वारा मृतक के साथ कुकर्म करने का प्रयास किया गया, जिसका मृतक कमल ने विरोध किया। इसी विरोध से क्षुब्ध होकर अभियुक्त ने मृतक की सर में ईंट मार कर हत्या कर दी तथा मृतक के शव को नग्न अवस्था में छोड़कर मौके से भाग गया।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त -**

1. आकाश पुत्र श्याम सिंह निवासी नगला गुलरिया थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद

**बरामदगी विवरण -**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. घटना के समय प्रयुक्त लोडर टिर्री।
5. मृतक का मोबाइल फोन (रियल मी)।
6. मृतक के कपड़े।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम -**

1. प्र0नि0 श्री संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 राजकुमार सिंह थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. अचल कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 आदित्य चौधरी थाना रामगढ़ फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 रोहित तोमर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 तरूण अहलावत थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
8. हैड कां0 343 योगेश कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
9. हैड कां0 964 कन्हैया रावत थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
10. कां गोपाल सिह सर्विलांस सैल जनपद फिरोजाबाद।
11. कां0 11 नीरज कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
12. कां0 144 शुभम तेवतिया थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
13. कां0 1143 दीपक कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
14. कां0 1310 जितेन्द्र कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
15. रि0आ0 569 रचित चौधरी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
16. रि0आ0 541 गुरदीप चौधरी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
17. रि0आ0 1560 ध्रुव चौहान थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।